CITY OF PARRAMATTA

आपके घर में एक नया किचन कैडी शामिल होने जा रहा है।

FOGO (फूड ऑर्गेनिक्स एंड गार्डन ऑर्गेनिक्स) आपके खाद्य अपशिष्ट और बगीचे के कचरे को रीसायकल करने और साथ ही लैंडफ़िल में कचरा जाने को कम करने का एक नया तरीका है।

FOGO क्या है?

FOGO का पूरा नाम फूड ऑर्गेनिक्स और गार्डन ऑर्गेनिक्स है। यह खाद्य और उद्यान अपशिष्ट के लिए एक संयुक्त संग्रहण सेवा है। **11 नवंबर 2024** से आप अपने नए हरे ढक्कन वाले FOGO बिन के साथ अपने भोजन और बगीचे के कार्बनिक पदार्थों को रीसायकल कर सकते हैं। जो कुछ भी आप खा सकते हैं या उगा सकते हैं जैसे कि मांस और डेयरी से लेकर घास और झाड़ियाँ तक अब FOGO में जा सकती हैं!

हम FOGO के लिए क्यों जा रहे हैं?

FOGO अपशिष्ट सेवा 2038 तक हमारे 85% कचरे को लैंडफिल में जाने से रोकने के हमारे लक्ष्य में योगदान देगी।

यह परिवर्तन पूरे राज्य में हो रहा है क्योंकि NSW सरकार ने 2030 तक NSW में सभी काउंसिल को FOGO अपशिष्ट संग्रह सेवाओं को लागू करने का आदेश दिया है।

आपको क्या जानने की ज़रूरत है?

यदि आप 7 या इससे कम इकाइयों वाले आवास में रहते हैं (जैसे कि मकान, विला, टाउनहाउस या छोटी इकाइयाँ)

तो आपको प्राप्त होगा:

- एक नया लाल ढक्कन वाला कचरा बिन (80L)* - जिसे **साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा**
- एक नया हरा ढक्कन वाला FOGO बिन (240L) - जिसे **11 नवंबर से साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा**
- एक नया पीला ढक्कन वाला रीसाइक्लिंग बिन (240L) – जिसे **पाक्षिक रूप से खाली किया जाएगा**



**यदि आप अपने बिन का आकार बदलवाना चाहते हैं, तो कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ।*

यदि आप 8 से 30 इकाइयों वाले आवास में रहते हैं (जैसे टाउनहाउस, विला या अपार्टमेंट)

तो आपको प्राप्त होगा:

- **तीन घरों के बीच शेयर* करने के लिए** एक नया लाल ढक्कन वाला कचरा बिन (240L) - जिसे साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा
- **पांच घरों के बीच शेयर* करने के लिए** एक नया हरे ढक्कन वाला FOGO बिन (240L) - जिसे 11 नवंबर से साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा
- **दो घरों के बीच शेयर* करने के लिए** एक नया पीला ढक्कन वाला रिसाइक्लिंग बिन (240L) - जिसे पाक्षिक रूप से खाली किया जाएगा

बिन की संग्रहण सीमाओं को ध्यान में रखते हुए इस अनुपात का उद्देश्य इकाई परिसरों के लिए अपशिष्ट उत्पादन की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

नौ इकाइयों के लिए बिन सेट का उदाहरण

यदि आपको लगता है कि बिन की कम संग्रहण क्षमता के कारण शेयर्ड कचरा बिन व्यवस्था या बिन की संख्या आपके इकाई परिसरों के लिए कारगर नहीं रहेगी, तो काउंसिल शेयर्ड बिन व्यवस्था का आकलन और समीक्षा कर सकती है। अधिकृत स्ट्रेटा मैनेजर या ओनर्स कॉरपोरेशन को ब्लॉक के सभी मालिकों और निवासियों की ओर से* ***fogo@cityofparramatta.nsw.gov.au* *पर काउंसिल से लिखित रूप में अनुरोध करना होगा।*

इन सरल चरणों से जानें कि FOGO कैसे करें:

1. अपने किचन कैडी में कंपोस्टेबल बिन लाइनर लगाएँ।
2. खाने के कचरे को अपने किचन कैडी में डालें (वो सब कुछ जो आप खा सकते हैं या उगा सकते हैं)।
3. लाइनर को FOGO बिन में लगाकर अपने कैडी को हर दो से तीन दिन में खाली करें।
4. अपने हरे ढक्कन वाले FOGO बिन को साप्ताहिक रूप से रात को अपने लाल ढक्कन वाले कूड़ेदान के साथ सड़क के किनारे रखें।

किसी भी तरह की पूछताछ के लिए, कृपया **fogo@cityofparramatta.nsw.gov.au** पर ईमेल करें या **(02) 9806 5050** पर कॉल करें।

अधिक जानकारी के लिए और अनुवादित सामग्री डाउनलोड करने के लिए, कृपया **cityofparramatta.nsw.gov.au/fogo** पर जाएं।

यदि आपको अनुवाद में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया हमें **1300 617 058** पर कॉल करें। अंग्रेजी न बोलने वालों के लिए, **TIS National** के माध्यम से **131 450** पर फोन पर अनुवाद सेवाएं उपलब्ध हैं।

KOREAN

본 소식지와 관련해 통역 지원이 필요하신 경우, TIS (131 450)에 전화하여 Parramatta Customer Service (9806 5050)를 연결해 달라고 요청하시면 됩니다. 업무시간은 월요일에서 금요일,오전 8시 30분부터 오후 5시까지입니다.

CHINESE

如果你需要翻译协助阅读这份新闻简报，请联系 TIS，电话131 450，要求他们代表你接通巴拉玛打市议会顾客服务处，电话 9806 5050。顾客服务处的工作时间是每星期一至星期五，上午8:30至下午5:00。

ARABIC

إذا كنت بحاجة للمساعدة في ترجمة هذه النشرة، اتصل بـ TIS على الرقم 131 450 واطلب منهم الاتصال نيابة عنك بخدمة زبائن باراماتا على الرقم 9806 5050 من الإثنين إلى الجمعة بين الساعة 8:30 صباحاً و 5:00 مساءً.

HINDI

यदि आपको यह सूचना-पत्र समझने में सहायता चाहिए तो कृपया TIS को 131 450 पर फ़ोन करें और उनसे कहें कि आपकी तरफ़ से पैरामाटा कस्टमर सर्विस को 9806 5050 पर फ़ोन करें। यह सेवा सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8.30 बजे से शाम 5.00 तक उपलब्ध है।

CITY OF PARRAMATTA

और अधिक जानकारी प्राप्त करें

cityofparramatta.nsw.gov.au/fogo

100% पुनर्चक्रित कागज पर मुद्रित